रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 50] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 11, 1965 (अग्रहायण 20, 1887)

No. 50] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 11, 1965 (AGRAHAYANA 20, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखा भारत का असाधारण राजपत्र 19 अप्रैल 1965 तक प्रकाशित किया गया था :—

The undermentioned *Gazette of India Extraordinary* was published up to the 19th April 1965 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तारीख (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
शून्य (Nil)			

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्र की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

भाग I—खण्ड 2
PART I—SECTION 2

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियां, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

मंत्रिमंडल सचिवालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1965

सं० 2/1/65-सिब्बंदी-II—राष्ट्रपति, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, दिल्ली खंड के अधीक्षक, श्री वी० डी० शर्मा को, श्री पी० सी० सरकार के स्थान पर राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, नई दिल्ली में दिनांक 12 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश पर्यन्त, क्षेत्रीय अधिकारी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 2/1/65-सिब्बंदी-II—सांख्यिकी विभाग के विशेष कार्य अधिकारी, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण निदेशालय के निम्नलिखित अधिकारियों को दिनांक 19 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से उनके नाम के सामने लिखे गए पदों पर स्थानापन्न तौर पर नियुक्त करते हैं।

नाम तथा पदनाम	स्थानापन्न पद का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3
1. श्री वी० एस० देवल, अधीक्षक (ए० एस०) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली।	क्षेत्रीय अधिकारी, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, नई दिल्ली।	श्री सी० एस० ग्रेवाल के छुट्टी पर जाने से उनके स्थान पर।
2. श्री कुलवन्त सिंह, सहायक अधीक्षक (ए० एस०) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (मुख्य कार्यालय), नई दिल्ली।	अधीक्षक (ए० एस०) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण, नई दिल्ली।	श्री वी० एस० देवल की क्षेत्रीय अधिकारी पद पर पदोन्नति होने से उनके स्थान पर।

सं० 2/1/65-सिब्बंदी-II—खाद्य तथा कृषिमंत्रालय, खाद्य विभाग में सहायक निदेशक (मत्स्य पालन आंकड़ा) के पद पर नियुक्त होने पर, श्री पी० सी० सरकार ने दिनांक 12 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण निदेशालय के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली के क्षेत्रीय अधिकारी पद का कार्यभार छोड़ दिया।

जय प्रकाश जैन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 2/22/65-सिब्बंदी-I—राष्ट्रपति, गृह मंत्रालय के अन्तर्गत केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी, श्री जय प्रकाश जैन को सांख्यिकी विभाग में दिनांक 6 नवम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश पर्यन्त स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त करते हैं।

एम० बालकृष्ण मेनन, उप-सचिव

(मंत्रीमंडल कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 3/70/65-अडमिन०—श्री रा० सी० शर्मा, उप-सचिव, परमाणु शक्ति विभाग, को राष्ट्रपति जी 22 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से उसके वर्तमान कार्य के अतिरिक्त, मन्त्रिमण्डल कार्यालय के मन्त्रिमण्डल कार्य विभाग में उप-सचिव सहर्ष नियुक्त करते हैं।

टी० एस० अनन्तकृष्णन्, अवर सचिव

लोक-सभा सचिवालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ० 1003(1)-ए० एन०—श्री चन्द्र बली लाल, उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय के रिपोर्टर को, 20 नवम्बर 1965 से, आगामी आदेशों तक, लोक-सभा सचिवालय में, स्थानापन्न रूप में, संसदीय रिपोर्टर नियुक्त किया गया है।

श्यामलाल शकधर, सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० एफ० 24(11)/64-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, श्री एस० डी० वर्मा, अनुसंधान अधिकारी, योजना आयोग को, 1 सितम्बर 1965 से 15 दिसम्बर 1965 तक की साढ़े तीन महीने की अध्ययन छुट्टी, योजना आयोग के इसी संख्या के दिनांक 11 सितम्बर 1964 की अधिसूचना में सूचित, भारतीय-अमेरिका तकनीकल सहकार कार्यक्रम, एफ आई-1964 के अन्तर्गत राष्ट्रीय अर्थ लेखा-विधि के पाठ्यक्रम में प्रतिनियुक्ति प्रशिक्षण के साथ सम्मिलित कर मंजूर करते हैं।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० एफ० 6(432)/63-प्रशासन-1—सरकारी सेवा से त्यागपत्र देने पर, डा० देवेन्द्र गुप्त ने 30 नवम्बर 1965 की अपराह्न से योजना आयोग में प्रभाग के सहायक प्रमुख के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० एफ० 6(494)/65-प्रशासन-1—राष्ट्रपति, डा० (श्रीमती) कृष्णा राय को 15 नवम्बर 1965 (पुर्वाह्न) से आगामी आदेश मिलने तक योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी के अस्थायी पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

न० श० गिडवानी, उप-सचिव

(योजना कार्य समिति)

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० यो० का० स०/प्रशासन/2(2)/61—राष्ट्रपति, श्री एम० एस० मिसल आर्थिक अनुसंधानकर्ता ग्रेड-I योजना कार्य समिति को, अस्थायी रूप में प्रथम नवम्बर 1965 से अगले आदेश दिए जाने तक, राजधानी-क्षेत्र परिवहन दल योजना कार्य समिति में अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

सं० यो० का० स०/प्रशासन/1(12)/65—राष्ट्रपति, श्री आर० एन० टंडन अनुसंधान अधिकारी योजना आयोग को अस्थायी रूप में अगले आदेश दिए जाने तक राजधानी-क्षेत्र परिवहन दल, योजना कार्य समिति में, अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

ए० एम० के० स्वामी, अवर सचिव

विधि मंत्रालय

(विधायी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 नवम्बर 1965

सं० फा० 6(2)/63-प्रशा०-1(वि० वि०)—एकाधिकार आयोग के सदस्य के पद का कार्यभार अवत्यक्त करने पर, विधि मंत्रालय, विधायी विभाग में केन्द्रीय विधि सेवा के स्थायी ग्रेड-1 आफिसर, श्री जी० आर० राजगोपाल को, 1 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से, जोकि उनकी अनिवार्य सेवा-निवृत्ति की तारीख है, 120 दिन की अस्वीकृत छुट्टी मंजूर की गई।

मान सिंह, विशेष कार्य अधिकारी

नई दिल्ली, दिनांक 29 नवम्बर 1965

सं० फा० 34(1)/64-प्रशा०-1(वि० वि०)—राष्ट्रपति ने, विधि मंत्रालय के विधायी विभाग में भारत सरकार के अस्थायी सहायक प्रारूपकार और स्थानापन्न उप प्रारूपकार श्री एस० हरिहर अय्यर को 28 सितम्बर 1963 से उस विभाग में केन्द्रीय विधि सेवा के ग्रेड 4 में (सहायक प्रारूपकार) मौलिक हैसियत में नियुक्त किया है।

वी० एन० भाटिया, संयुक्त सचिव

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 29 नवम्बर 1965

सं० फा० 4(20)(1)/65-निर्वा०—राष्ट्रपति ने, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-1 के स्थायी आफिसर, श्री के० एस० राजगोपालन को निर्वाचन आयोग में, 11 नवम्बर 1965 से चार सप्ताह की कालावधि के लिए श्री प्रकाश नारायण के स्थान पर जिनकी छुट्टी मंजूर की जा चुकी है स्थानापन्न सचिव के रूप में नियुक्त किया है।

सं० फा० 4(20)(1)/65-निर्वा०—राष्ट्रपति ने, निर्वाचन आयोग के कार्यालय में स्थायी अनुभाग आफिसर, श्री रोशन लाल को इस कार्यालय में, 11 नवम्बर 1965 से चार सप्ताह की कालावधि के लिए श्री के० एस० राजगोपाल के स्थान पर जो सचिव, निर्वाचन आयोग के रूप में नियुक्त हो चुके हैं, स्थानापन्न अवर सचिव के रूप में नियुक्त किया है।

ए० एस० लोकनाथन्, अवर सचिव, (निर्वा०)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 नवम्बर 1965

सं० 12(8)-ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड-I (एक) के स्थायी अधिकारी श्री ऐ० एस० वेनकटेस्वरन (रक्षा मंत्रालय) को उस सेवा के सलैक्शन ग्रेड में दिनांक 8-10-65 से 6-11-65 स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 1(1)ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के परिवहन विभाग संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी, श्री एस० के० गिडवानी को उस सेवा के ग्रेड-1(एक) में दिनांक 26 अक्तूबर 1965 से 30 नवम्बर 1965 तक, स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 4(9)-ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के शिक्षा मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी, श्री एस० एन० दत्त को उस सेवा के ग्रेड (एक) में दिनांक 11-10-65 से 69 दिन के लिए स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 11(4)-ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सूचना व प्रसार मंत्रालय संवर्ग के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को, उन के सामने अंकित समय के लिए उस सेवा के ग्रेड-I में स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

1. श्री आर० बी० सिन्हा 26-10-65 से 25-12-65
2. श्री आर० एल० जैन 19-10-65 से 22-10-65

सं० 10(10)-ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी, श्री काली चरन को उस सेवा के ग्रेड-I (एक) में दिनांक 9-11-65 से 28-12-65 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 17(12)-ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के इस्पात व भारी उद्योग मंत्रालय संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी, श्री ए० के० अग्रवाल को उस सेवा के ग्रेड-I (एक) में दिनांक 9-10-65 से 21-11-65 तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 14(28) ई० ओ०/65—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के खाद्य विभाग संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एच० चक्रवर्ती को उस सेवा के ग्रेड (एक) में दिनांक 4-11-65 से 75 दिन के लिए स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

सं० 10(47) ई० ओ०/1965—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय सचिवालय सेवा ग्रेड-1 (एक) के स्थायी अधिकारी श्री आर० के० रंगन (उद्योग व संभरण मंत्रालय) को उस सेवा के स्लैक्शन ग्रेड में दिनांक 1-10-1965 से अन्य आदेशपर्यन्त तक स्थानापन्न रूप से नियुक्त करते हैं।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 29(2)ई० ओ०/65—पूर्ति और निपटान महानिदेशालय के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री आर० डी० आनन्द, की सेवाएं महाराष्ट्र राज्य को 15 नवम्बर 1965 के अपराह्न से कार्यकारी प्रशिक्षण के लिए अस्थाई रूप से सौंपी जाती हैं।

अशोक कुमार पालित, उप-सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 15/14/65-सिब्बंदी (ड)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड-III तथा वित्त मंत्रालय (अर्थ-विषय विभाग) के वरिष्ट गवेषणाधिकारी, श्री पी० डी० जी० दासप्पा को तदर्थ रूप से दिनांक 21 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक के लिए उक्त सेवा के ग्रेड-II में पदोन्नति प्रदान कर वित्त मंत्रालय (अर्थ-विषय विभाग) के स्थानापन्न सहायक अर्थ-सलाहकार के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 1/7/65-सिब्बंदी (इ)—राष्ट्रपति, भारतीय सांख्यिकी सेवा के ग्रेड तीन अधिकारी, श्री के० डी० चटर्जी को पदोन्नति प्रदान कर उक्त सेवा के ग्रेड दो में तदर्थ रूप से 15 फरवरी 1964 के पूर्वाह्न से 31 दिसम्बर 1965 अथवा अगला आदेश जारी होने तक इन दोनों में जो भी पहले हो, उस अवधि के लिए श्रम ब्यूरो शिमला में स्थानापन्न वरिष्ट उप-निदेशक सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 15/18/65-सिब्बंदी (ड)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ-सेवा के ग्रेड तीन अधिकारी श्री बलदेव दत्त की उक्त सेवा के ग्रेड दो में स्थानापन्न कार्यावधि को 1 नवम्बर 1965 से अगला आदेश जारी होने तक के लिए सहर्ष बढ़ाते हैं।

सं० 15/21/65-सिब्बन्दी (ड)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ सेवा के ग्रेड-III अधिकारी, डा० एम० एल० गुप्त की उक्त सेवा के ग्रेड-II की स्थानापन्न कार्यावधि को तदर्थ रूप से दिनांक 9 नवम्बर 1965 से अगला आदेश जारी होने तक के लिए सहर्ष बढ़ाते हैं।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 7/24/65-सिब्बंदी (ड)—राष्ट्रपति, भारतीय अर्थ-सेवा के ग्रेड-4 अधिकारी, श्री एम० एल० शास्त्री को सिक्किम सरकार की विदेश सेवा के वापस आने पर दिनांक 26 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक के लिए भारतीय अर्थ-सेवा के ग्रेड-3 में तदर्थ रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं।

एन० रघुनाथन, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 14/16/65-ए० आई० एस० (3)—केरल कैडर के पदोन्नति कोटा के आधार पर भारतीय प्रशासन सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त किए गए, श्री एन० श्रीधरन नायर को 16 मार्च 1965 (अपराह्न) से राष्ट्रपति सहर्ष स्थायी करते हैं।

सं० 7/10/65-ए० आई० एस० (3)—राष्ट्रपति जी, सहर्ष 1962 की सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर परिवीक्षाधीन रूप से भारतीय पुलिस सेवा के महाराष्ट्र संवर्ग में नियुक्त निम्नलिखित अधिकारियों को, उनके सामने दी गई तिथियों से भारतीय पुलिस सेवा में स्थाई करते हैं:—

1. श्री पी० एस० नारायणास्वामी 11 जुलाई, 1965
2. श्री सतीस साहनी 19 जुलाई, 1965

सं० 14/42/65-ए० आई० एस० (3)—मद्रास कैडर के पदोन्नति कोटा के आधार पर भारतीय प्रशासन सेवा में निम्न लिखित अधिकारियों को, उनके सामने दी गई तिथियों से राष्ट्रपति सहर्ष नियुक्त करते हैं:—

1. श्री एस० ए० विश्वानाथन चैट्टियार। 30 अक्तूबर, 1965
2. श्री एस० एम० कालीदास नायडू। 2 नवम्बर, 1965

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 16/12/65-ए० आई० एस० (3)—राष्ट्रपति जी, सहर्ष 1962 की सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर परिवीक्षाधीन रूप से भारतीय प्रशासन सेवा के आन्ध्र प्रदेश संवर्ग में नियुक्त निम्नलिखित अधिकारी को उसके सामने दी गई तिथि से भारतीय प्रशासन सेवा में स्थाई करते हैं:—

श्री एस० वैन्कटारमैया—10 जून 1965

सं० 14/26/65-ए० आई० एस० (3)—राजस्थान कैडर के पदोन्नति कोटा के आधार पर निम्नलिखित राजस्थान सिविल सेवा के अधिकारियों को उन के सामने दी गई तिथियों से राष्ट्रपति भारतीय प्रशासन सेवा में परिवीक्षा पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 8/2/65-ए० आई० एस० (1)—भारतीय पुलिस सेवा (काडर) नियम 1954, के नियम 5 के अन्तर्गत, निम्नलिखित भारतीय पुलिस सेवा परिवीक्षाधीनों को, जिन्हें 1964 की सम्मिलित प्रतियोगी परीक्षा के परिणामस्वरूप नियुक्त किया गया था,

उनके नाम के समक्ष दिये हुये केडरों को आवन्टित किया जाता है ।

क्रम सं०	नाम	कैडर जिसमें आवन्टित किया गया
1	2	3
1.	श्री हनुमन्थू जगन्नाथिकुलु	आन्ध्र प्रदेश
2.	श्री दिलीप कुमार दास	आसाम
3.	श्री एडावैल्थ नालापवीट्टिल राममोहन	आसाम
4.	श्री विन्ध्य नाथ झा	आसाम
5.	श्री प्रोमोद कुमार मिश्रा	आसाम
6.	श्री सत्य ब्राता डाश	आसाम
7.	श्री फनाई लाल रेम सिआया	आसाम
8.	श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा	गुजरात
9.	श्री कृष्णास्वामी चक्रवर्ती	गुजरात
10.	श्री रामाकृष्णा पिल्लै चित्तरंजन नायर	गुजरात
11.	श्री मोहम्मद अज़हर नोमानी	जम्मू व काश्मीर
12.	श्री पी० आर० चन्द्रन	केराला
13.	श्री वालेर जोसफ़ डौसन	केराला
14.	श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह	मध्य प्रदेश
15.	श्री श्री मोहन शुक्ला	मध्य प्रदेश
16.	श्री अरुण कुमार बब्बर	मध्य प्रदेश
17.	श्री वाई सूर्यनारायण पतरो	मध्य प्रदेश
18.	श्री नरेन्द्र पाल सिंह	मध्य प्रदेश
19.	श्री नलिनी रंजन देव	मध्य प्रदेश
20.	श्री सुरेश कुमार	मध्य प्रदेश
21.	श्री प्राणकुसम वैन्कटा राजगोपाल	मध्य प्रदेश
22.	श्री एन० गुणशेखरन्	मध्य प्रदेश
23.	श्री रेंगन शिवसामि	मध्य प्रदेश
24.	श्री गणपथी वीराराघवन	मद्रास
25.	श्री अप्पाट रविन्द्रानाथन	मद्रास
26.	श्री आफताब अहमद खां	महाराष्ट्र
27.	श्री ज्ञान चन्द	महाराष्ट्र
28.	श्री विजय कुमार तलवार	महाराष्ट्र
29.	श्री गणपत नागोजी उवाले	महाराष्ट्र
30.	श्री वैलोरे विश्वनाथ भासकर	मैसूर
31.	श्री एल० खेणसिद्दैहा	मैसूर
32.	श्री भमिप्पा महादेवप्पा यशवन्तगोल	मैसूर
33.	श्री दिलीप कुमार मुहापतरा	उड़ीसा
34.	श्री बौरी बन्धु नन्दा	उड़ीसा
35.	श्री रमेश चन्द्र मोहन्ती	उड़ीसा
36.	श्री जनारदन सिंह	उड़ीसा
37.	श्री कृष्ण दत्त बाजपाई	उड़ीसा
38.	श्री श्याम मोहन माथुर	उड़ीसा
39.	श्री प्रदीप कुमार बनरजी	उड़ीसा
40.	श्री जोहन नायम	उड़ीसा
41.	श्री सर्वजीत सिंह	पंजाब
42.	श्री राजेन्द्र प्रसाद राय	पंजाब
43.	श्री स्वदेश कुमार	पंजाब
44.	श्री शम्भू प्रताप सिंह राठौर	पंजाब
45.	श्री चमन लाल बैन्स	पंजाब
46.	श्री अमरजीत सिंह दूलट	राजस्थान
47.	श्री त्रीनाथ मिश्रा	उत्तर प्रदेश
48.	श्री अमीर चन्द्र मिश्रा	उत्तर प्रदेश
49.	श्री कन्हैया लाल	उत्तर प्रदेश
50.	श्री गोपाल चतुर्वेदी	उत्तर प्रदेश
51.	श्री जनारदन प्रसाद राय	उत्तर प्रदेश
52.	श्री लक्षमण प्रसाद	उत्तर प्रदेश
53.	श्री अशोक कान्त शरण	उत्तर प्रदेश
54.	श्री राम रखा	उत्तर प्रदेश
55.	श्री एम० कृष्णराजू	उत्तर प्रदेश
56.	श्री सतीश चन्द्र मिश्रा	पश्चिम बंगाल
57.	श्री केवल कृष्ण मालिया	पश्चिम बंगाल
58.	श्री अब्दुर रशीद खां	पश्चिम बंगाल
59.	श्री श्यामल दत्ता	पश्चिम बंगाल
60.	श्री सुमन सान्याल	पश्चिम बंगाल
61.	श्री दीपक कुमार सान्याल	पश्चिम बंगाल
62.	श्री सतेन्द्र लसकर	पश्चिम बंगाल
63.	श्री थंगखोचौन मिसाव	पश्चिम बंगाल
64.	श्री तिलक राज	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
65.	श्री अशोक कुमार	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
66.	श्री किशन सिंह	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
67.	श्री इकबाल नरायण सिंह सिन्धू	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
68.	श्री कुलबीर सिंह	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
69.	श्री गौतम कौल	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
70.	श्री नरेन्द्रनाथ राधाकृष्णन	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
71.	श्री परम जीत सिंह कुमार	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
72.	श्री सोहन लाल जोहिया	दिल्ली हिमाचल प्रदेश
73.	श्री करतार सिंह	दिल्ली हिमाचल प्रदेश

दिनांक 3 दिसम्बर 1965

सं० 3/1/65-ए० आई० एस० (1)—भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम 1954 के नियम 6 के अन्तर्गत राष्ट्रपति जी, श्री कृष्णराज कोशल राम को जो सम्मिलित प्रतियोगी परीक्षा 1964 में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुये, भारतीय प्रशासनिक सेवा में परिवीक्षा पर 2 अगस्त 1965 पूर्वाह्न से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

श्री कृष्णराज कोशल राम को आन्ध्र प्रदेश भारतीय प्रशासनिक सेवा काडर को आवन्टित किया जाता है ।

ओ० स० मारवा, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 12/58/64-ई० आर०—राष्ट्रपति, लेफ्टिनेंट कर्नल कंवर डी० एस० राघल को सेना से प्रतिनियुक्ति पर 3 सितम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक के लिए, सैन्ट्रल इमर्जेन्सी रिलीफ ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, नागपुर में निदेशक के पद पर अस्थाई रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

एल० डी० हिन्दी, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 8/42/65-डी० एच० (एस०)—पंजाब पुलिस सेवा के सदस्य, श्री गुरबचन सिंह बहनीवाल 16 जुलाई, 1965, की पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक, दिल्ली पुलिस में उप-पुलिस अधीक्षक नियुक्त किए जाते हैं ।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 2/8/65-डी० एच० (एस०)—दिल्ली और हिमाचल प्रदेश प्रशासन सेवा नियमावली, 1961, के 25 के उप-नियम (2) के अधीन श्री आर० एन० शर्मा०, अधीक्षक, दिल्ली प्रशासन, 18 नवम्बर, 1965, की पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी, दिल्ली, नियुक्त किये जाते हैं।

सं० 4/17/65-डी० एच० (एस०)—दिल्ली और हिमाचल प्रदेश की संयुक्त भारतीय प्रशासन सेवा कोटि के निम्न लिखित परिवीक्षाधीनों का दिल्ली में प्रशिक्षण 22 अक्तूबर, 1965,

की अपराह्न में पूर्ण हुआ और उनकी सेवाएं उन्हें और प्रशिक्षण देने के लिए निदेशक, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, मसूरी, को सौंप दी गयीं:—

(1) श्री मदन भव
(2) श्री बृज बिहारी टंडन
(3) श्री दिनेश चन्द्र मिश्र

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 15/6/65-डी० एच० (एस०)—दिल्ली और हिमाचल प्रशासन सेवा के सदस्य श्री नन्द किशोर शर्मा, 1 सितम्बर 1965 से संयुक्त उद्योग निदेशक, दिल्ली प्रशासन नियुक्त किये जाते हैं।

ए० एफ० कूटो, उप-सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 29 नवम्बर 1965

सं० 25/6/65-प्रशासन-2(क)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय कोटि (केडर) के सहायक ग्रेड के स्थायी अधिकारी श्री शिव गोपाल सिंह को राष्ट्रपति 16 नवम्बर, 1965 पूर्वाह्न से 24 दिसम्बर, 1965 तक उसी केडर के अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

श्री शिव गोपाल सिंह को राष्ट्रपति उसी दिनांक से गृह मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 4/2/65-प्रशासन(1) (अ)—राष्ट्रपति केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय शाखा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री के० पी० सिंह को 1 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से 4 दिसम्बर 1965 तक के लिये गृह मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 4/2/65-प्रशासन (1) (अ)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय शाखा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री ए० एम० मीरचन्दानी को 28 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से 30 नवम्बर 1965 तक के लिये गृह मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 4/2/65-प्रशासन (1) (अ)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय शाखा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एस० नटराजन को 1 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से 30 नवम्बर 1965 तक के लिये गृह मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 4/2/65-प्रशासन (1) (अ)—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय शाखा के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री एल० डी० हिन्दी को 1 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से 30 नवम्बर 1965 तक के लिये गृह मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 25/6/65-प्रशासन (1) (क)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा की गृह मंत्रालय कोटि (कैडर) के निम्नलिखित सहायक ग्रेड के स्थाई अधिकारियों को राष्ट्रपति दो मास की अवधि के लिये 22 नवम्बर 1965 से 21 जनवरी 1966 तक या जब तक पदार्हति उपलब्ध न होंवें, जो भी इससे पहले हो, नियुक्त करते हैं:—

1. श्री जी० के० वाधवानी
2. श्री एस० के० पुरकेत
3. श्री टी० एच० भोजवानी

सर्वश्री वाधवानी, पुरकेत व भोजवानी को उसी दिनांक से राष्ट्रपति गृह मंत्रालय में नियुक्त करते हैं।

जी० डी० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली-11, दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 7/2/65-जुडीशियल-1—संविधान के अनुच्छेद 224 के खण्ड (1) द्वारा मिले अधिकारों के अधीन राष्ट्रपति जी श्री सूरजमान ग्रोवर, बी० ए०, एल० एल० बी० को अपने पद के प्रभार संभालने की तिथि से दो साल के लिये मध्य प्रदेश उच्चन्यायालय का अपर न्यायाधीश नियुक्त करते हैं।

चन्द्र प्रकाश गुप्त, संयुक्त सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 नवम्बर 1965

सं० 77-पी०टी० II/65—भारत के राष्ट्रपति, 21 अक्तूबर 1965 से कलकत्ता में संयुक्त राज्य अमरीका के कौंसल के रूप में श्री रोबर्ट जे० बायसन की नियुक्ति को अस्थायी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 78-पी०टी० II/65—भारत के राष्ट्रपति, 1 नवम्बर 1965 से बम्बई में संयुक्त राज्य अमरीका के उप कौंसल के रूप में श्री विलियम बी० एमिस की नियुक्ति को अस्थायी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 80 पी० टी० 11/65—भारत के राष्ट्रपति, 30 अक्तूबर, 1965 से बंबई में संयुक्त राज्य अमरीका के कौंसल के रूप में श्री डारेल ए० डांस की नियुक्ति को अस्थायी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

सं० 81 पी०टी० 11/65—भारत के राष्ट्रपति, 6 नवंबर 1965 से मद्रास में संयुक्त राज्य अमरीका के कौंसल के रूप में श्री जान एस० लीडर को नियुक्ति को अस्थायी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

बी० ए० राजागोपालन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० सी०पी०ई०ओ०/10/65—क्षेत्रीय पासपोर्ट एवं उत्प्रवास कार्यालय, बम्बई में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के पद का कार्यभार 1 नवम्बर 1965 को दोपहर-पूर्व से छोड़ने पर, भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के वर्ग I के अधिकारी श्री जे० बनर्जी को, जो केन्द्रीय पासपोर्ट एवं उत्प्रवास संगठन में प्रतिनियुक्ति पर हैं, उसी तारीख से 60 दिन का अर्जित अवकाश दे दिया गया।

अवकाश की समाप्ति पर, श्री बनर्जी की सेवाएं पुनः विदेश मंत्रालय की इच्छा पर छोड़ दी गई हैं।

सनत् कुमार चटर्जी, सहचारी

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

कर-जमा (निर्यात) संस्थापन

नई दिल्ली, दिनांक 23 नवम्बर 1965

सं० 6—राष्ट्रपति, सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के उप-समाहर्ता श्री डी० एन० मेहता को (जो हाल में कलकत्ता में सीमाशुल्क के उप-समाहर्ता के पद पर कार्य कर रहे थे) 1 अक्तूबर 1965 के दोपहरपूर्व से प्रतिनियुक्ति पर उप-निदेशक, कर-जमा (निर्यात) के पद पर सदर्प नियुक्त करते हैं। श्री मेहता ने उसी तारीख से मद्रास में उप-निदेशक, कर-जमा (निर्यात) के पद का कार्यभार संभाल लिया है।

सं० 11—राष्ट्रपति, सीमाशुल्क तथा उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता श्री के० पुरुषोत्तम को (जिनके हाल ही में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता कार्यालय, हैदराबाद, के अन्तर्गत गुन्तुर में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता के पद पर नियुक्ति के आदेश

हो चुके थे) 1 अक्तूबर 1965 के दोपहरपूर्व से प्रतिनियुक्ति पर सहायक निदेशक, कर-जमा (निर्यात) के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं। श्री पुरुषोत्तम ने उसी तारीख से विशाखापत्तनम् में सहायक निदेशक कर-जमा (निर्यात) के पद का कार्यभार संभाल लिया है।

सं० 13.-राष्ट्रपति, सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के सहायक समाहर्ता श्री के० के० द्विवेदी को, जो हाल में मद्रास में सीमाशुल्क के सहायक समाहर्ता के रूप में काम कर रहे थे, 25 सितम्बर 1965 के दोपहरबाद से प्रतिनियुक्ति पर सहायक समाहर्ता, कर-जमा (निर्यात) के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं। श्री द्विवेदी ने उसी तारीख से कोचीन में सहायक निदेशक कर-जमा (निर्यात) के पद का कार्यभार संभाल लिया है।

कुमारी अन्ना आर० जार्ज, निदेशक
कर-जमा (निर्यात)

(सीमा शुल्क व केन्द्रीय उत्पादन शुल्क संस्थापन)

नई दिल्ली, दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 189—कर जमा प्रमाण-पत्र (निर्यात) योजना में नियुक्ति के लिए चुन लिये जाने पर निम्नलिखित अफसरों ने उनके नामों के सामने बताये गये पदों का कार्यभार छोड़ दिया:—

क्र० सं०	अफसर का नाम	पद जिसका कार्यभार छोड़ा गया	कार्यभार छोड़ने की तारीख
1.	श्री के० पुरुषोत्तम	सहायक समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, गुंटूर, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता, कार्यालय, हैदराबाद	27-9-1965 (दोपहरपूर्व)
2.	श्री के० आर० मेहता	सहायक समाहर्ता (प्रधान कार्यालय) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क, कानपुर	25-9-1965 (दोपहर बाद)
3.	श्री के० के० द्विवेदी	सहायक समाहर्ता, सीमा शुल्क, मद्रास	20-9-1965 (दोपहर बाद)
4.	श्री एन० सी० सेन	सहायक समाहर्ता, केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (लेखा परीक्षा), केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, कलकत्ता व उड़ीसा कलकत्ता	18-9-1965 (दोपहरबाद)

सं० 198—प्रवर्तन निदेशालय में उप-निदेशक के पद पर नियुक्त होने पर राजस्व गुप्तचर्या निदेशालय, नई दिल्ली में राजस्व गुप्तचर्या के सहायक निदेशक श्री एस० एन० बनर्जी ने 26 अक्तूबर 1965 को दोपहरबाद अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया।

सं० 202—कलकत्ता तथा उड़ीसा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के अधीक्षक श्री डी० पी० वार्ष्णेय को उसी समाहर्ता-कार्यालय में 1 जून 1965 के दोपहर पूर्व से तथा अगला आदेश होने तक श्री वी० जे० मनेरीकर के स्थान पर, जिनका स्थानान्तरण हो चुका है, सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के स्थानापन्न सहायक समाहर्ता के पद पर नियुक्त किया गया है।

टी० रामस्वामी, अवर सचिव

(समवाय तथा बीमा विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 17 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ० जी० (134)-सी० एल० ए०/62—राष्ट्रपति ने, प्रसन्नतापूर्वक भारतीय लेखापरीक्षा और लेखासेवा के अधिकारी और वित्त मंत्रालय, समवाय और बीमा विभाग में अनुसचिव के रूप में काम कर रहे श्री टी० एस० कण्णन को 16 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक इसी विभाग में स्थानापन्न उप-सचिव नियुक्त किया है।

दिनांक 22 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ० जी० (74)-सी० एल० ए०/57—वित्त मंत्रालय के समवाय और बीमा विभाग में भारत सरकार के अनुसचिव के रूप में प्रतिनियुक्ति पर आए हुए सहायक आयकर-आयुक्त श्री बलबीर सिंह को 13 नवम्बर 1965 से 30 नवम्बर 1965 तक की 18 दिन की और अर्जित छुट्टी दी गई है।

उपर्युक्त छुट्टी की समाप्ति पर, श्री बलबीर सिंह की सेवाएं केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को सौंप दी गई हैं।

(समवाय विधी बोर्ड)

दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ० जी० (61)-सी० एल० ए०/56—श्री एस० सी० बाफना ने संयुक्त निदेशक, निरीक्षण (इन्स्पेक्शन) के रूप में नियुक्त किये जाने पर 8 नवम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से कम्पनियों के रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र, बम्बई के अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया।

श्री एस० एम० यूसुफ ने कम्पनियों के रजिस्ट्रार, महाराष्ट्र, बम्बई के रूप में नियुक्त किये जाने पर 8 नवम्बर, 1965 के पूर्वाह्न से कम्पनी विधि बोर्ड के प्रादेशिक निदेशक के बम्बई-स्थित कार्यालय में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया।

के० सी० चांद, अनु-सचिव

(अर्थ विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1965

सं० एफ० 4(12)-ऐडमिनिस्ट्रेशन II/65—वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के स्थायी अनुभाग अधिकारी सर्वश्री वी० नटराजन और एस० एन० अग्रवाल को इसी मंत्रालय के अर्थ-विभाग में उन के नामों के सामने लिखी अवधि के लिए भारत सरकार का अनु-सचिव नियुक्त किया गया है:

1. श्री वी० नटराजन—20 अक्तूबर 1965 से 16 नवम्बर 1965 तक
2. श्री एस० एन० अग्रवाल—26 अक्तूबर 1965 से 21 नवम्बर 1965 तक

एन० परशुरामन्, अनु-सचिव

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ० जी० (781)-ई० 1(ए०)/65—राष्ट्रपति ने, प्रसन्नतापूर्वक वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के पदक्रम 1 के स्थायी अधिकारी श्री एस० श्रीनिवासन को 18 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश जारी होने तक व्यय विभाग में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त किया है।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० एफ० 4(9)-ई०I(ए०)/65—राष्ट्रपति ने, प्रसन्नतापूर्वक वित्त मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अनुभाग अधिकारी पदक्रम के निम्नलिखित स्थायी अधिकारियों को, जो इसी सेवा के पदक्रम I में स्थानापन्न रूप से काम कर रहे हैं; उनके नामों के

सामने लिखी अवधि के लिए व्यय विभाग में अनु-सचिव नियुक्त किया है:—

1. श्री पी० सी० तिवारी—2-11-1965 से 31 दिनों के लिए
2. श्री एस० पी० सिक्का—2-11-1965 से 31 दिनों के लिए
3. श्री एन० आर० सुब्रह्मण्यन—3-11-1965 से 31 दिनों के लिए
4. श्री मेहर सिंह—4-11-1965 से 31 दिनों के लिए
5. श्री एन० एस० चन्द्रमौलेश्वरन—8-11-1965 से 10-12-1965 तक

सुमित्रा गांधी कुलकर्णी, अनु-सचिव

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क व सीमा शुल्क बोर्ड

(केन्द्रीय उत्पादन शुल्क संस्थापन)

नई दिल्ली, दिनांक 2 दिसम्बर, 1965

सं० 25—केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, हैदराबाद के कार्यालय अधीक्षक श्री के० नल्लथम्बी को, 25 सितम्बर 1965 के दोपहरबाद से अगला आदेश होने तक, श्री एम० एस० वेंकटेशन् के स्थान पर, जिनका स्थानान्तरण हो गया है, उसी समाहर्ता-कार्यालय में स्थानापन्न सहायक मुख्य लेखा अफसर के पद पर नियुक्त किया गया है।

सं० 26—छुट्टी से लौटने तथा स्थानान्तरण पर, श्री एस० सी० दास गुप्त ने, जो हाल में कलकत्ता तथा उड़ीसा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय कलकत्ता में मुख्य लेखा अफसर के पद पर तैनात थे, श्री एम० एल० पाशान के स्थान पर, जिनका स्थानान्तरण हो चुका है, 1 अक्तूबर 1965 के दोपहरपूर्व से केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता-कार्यालय, बंबई में मुख्य लेखा अफसर के पद का कार्यभार संभाल लिया।

टी० रामस्वामी, अवर सचिव

परमाणु ऊर्जा विभाग

बम्बई-1, दिनांक 16 नवम्बर 1965

सं० 29/12/64-प्रशासन—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे के अस्थायी विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस० डी० 2, श्री टी० एफ० परदीवाला को 21 सितम्बर 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक इस विभाग की राजस्थान परमाणु विद्युत् प्रायोजना में उसी ग्रेड में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हैं।

जी० एल० गर्ग, अवर सचिव

बम्बई-1, दिनांक 8 नवम्बर 1965

सं० 37/18/65-टैक० II (ए०)—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के स्थायी विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस० सी० 2 तथा स्थानापन्न विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर ग्रेड सी० डा० मणिक्कत शंकर दास को 7 अगस्त 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी संस्थान में स्थानापन्न रूप से विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड डी० नियुक्त करते हैं।

सं० 37/18/65-टैक० II (ए०)—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के निम्नलिखित स्थायी विज्ञान अधिकारियों/इंजीनियरों-ग्रेड एस०सी०-2 तथा स्थानापन्न विज्ञान अधिकारियों/इंजीनियरों-ग्रेड सी० को 1 अगस्त के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी संस्थान में स्थानापन्न रूप से विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस०ई० नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	अधिकारी का नाम
1.	डा० चि० वेंकटेश्वरलु
2.	डा० गुडिपटी श्रीनिवास राव
3.	श्री नारायण अय्यर वीरराघवन

दिनांक 12 नवम्बर 1965

सं० 37/18/65-टैक० II (ए०)—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, के निम्नलिखित स्थानापन्न विज्ञान अधिकारियों/इंजीनियरों-ग्रेड बी० को 1 अगस्त 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उनके नामों के आगे लिखित पदों पर अस्थायी रूप से नियुक्त करते हैं :—

क्रम संख्या	नाम	स्थायी पद	वर्तमान पद
1.	डा० भगवान कृष्ण गौड़	विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस०सी०-2	विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड सी०
2.	डा० विद्याधर गोविंद तटाके	विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस०सी०-1	विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड सी०

दिनांक 17 नवम्बर 1965

सं० एस०/343/सपेक्ट/एस्ट० आई० डी०—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के अस्थायी विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड सी०, डा० शोभा सिंह का त्यागपत्र 6 फरवरी 1964 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं।

दिनांक 22 नवम्बर 1965

सं० पी०/852/ए० एण्ड सी० ई०/ऐस्ट० I—राष्ट्रपति जी, परमाणु ऊर्जा संस्थान ट्राम्बे, बम्बई के अस्थायी विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर ग्रेड एस०सी०-1, श्री रंगप्पगौढा रूद्रगौढा बिरादर पाटिल का त्यागपत्र 13 अगस्त 1965 के अपराह्न से स्वीकार करते हैं। श्री पाटिल ने 13 अगस्त 1965 के अपराह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया तथा उन्हें 14 अगस्त से 25 अगस्त 1965 तक 12 दिन की अर्जित (अंतिम) छुट्टी प्रदान की गई।

एस० सुन्दरराजन, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 18 नवम्बर 1965

सं० 6/608/55-एम०—राष्ट्रपति जी प्रसन्नतापूर्वक इस विभाग के परमाणु खनिज प्रभाग में स्थानापन्न विज्ञान अधिकारी (भूविज्ञान) ग्रेड एस०सी०-2, श्री के० एम० वी० जयराम को 11 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेश तक उसी प्रभाग में स्थानापन्न रूप से विज्ञान अधिकारी (खनिज उद्योगविद्या) ग्रेड एस०डी०-2 नियुक्त करते हैं।

दिनांक 24 नवम्बर 1965

सं० 6/1260/57-एम०—राष्ट्रपति जी, प्रसन्नतापूर्वक इस विभाग के परमाणु खनिज प्रभाग में स्थानापन्न विज्ञान अधिकारी/इंजीनियर-ग्रेड एस०बी०, श्री एम० एम० सहाय को 11 अक्तूबर 1965 के अपराह्न से आगामी आदेश तक उसी प्रभाग में स्थानापन्न विज्ञान अधिकारी (फिजिक्स) ग्रेड एस० सी० 1 नियुक्त करते हैं।

एच० एल० खन्ना, अवर सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 165 [ई० 2 (जी०) (ए०-55)/ई० 1]—राष्ट्रपति, वाणिज्य मन्त्रालय में केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग 4 के एक स्थायी अधिकारी श्री ए० के० बोस को 8 नवम्बर 1965 के अपराह्न से 28 दिसम्बर 1965 तक के लिए उसी मन्त्रालय में स्थानापन्न रूप में अनुभाग अधिकारी के पद पर सहर्ष नियुक्त करते हैं।

सं० 166 [ई० 2(जी०) (के०-63)/ई०-1]—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा वर्ग 1 के एक स्थायी अधिकारी तथा वाणिज्य मन्त्रालय में सचिव के निजी सचिव श्री के० एन० एस० राम को उसी मन्त्रालय में 7 नवम्बर 1965 से 30 नवम्बर 1965 तक की अतिरिक्त अवधि के लिये अनुभाग अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं।

दिनांक 29 नवम्बर 1965

सं० 167 [ई०-2(जी०) (पी०-61)/ई०-1]—राष्ट्रपति, वाणिज्य मन्त्रालय में केन्द्रीय सचिवालय सेवा वर्ग-1 के एक स्थायी अधिकारी श्री पी० जी० मालवी को उसी मन्त्रालय में 9 नवम्बर 1965 से 12 नवम्बर 1965 तक की अतिरिक्त अवधि के लिये उप-सचिव के पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं।

के० कृ० सचदेव, अवर सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान तथा धातु विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1965

सं० 7/47/65-खान 3—पद-त्याग देने के बाद, श्री एन० बी० सेनानी, सहायक खनिज तकनीकी, भारतीय खान ब्यूरो ने 18 सितम्बर 1965 के अपराह्न से ब्यूरो के कार्यभार को छोड़ दिया है।

दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 21/68/65 खान 6—राष्ट्रपति ने श्री एस० जी० प्रधान, सांख्यिकी, भारतीय भौमिकी विभाग का 6 अक्तूबर, 1965, (अपराह्न) से पद-त्याग स्वीकार कर लिया है।

ए० सेतुमाधवन, अवर सचिव

उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय

(उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 अक्तूबर 1965

सं० 10/12/65-ई० 1—श्री जे० एल० राय ने भारत सरकार का आर्थिक सलाहकार के कार्यालय में 8 सितम्बर 1965 (पूर्वाह्न) से मुख्य अनुसन्धान अधिकारी के पद का भार छोड़ दिया है।

2. राष्ट्रपति, श्री जे० एल० राय को जो भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड 4 के अधिकारी हैं, भारत सरकार का आर्थिक सलाहकार के कार्यालय में 8 सितम्बर, 1965 (पूर्वाह्न) से अनुसन्धान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 22 अक्तूबर 1965

सं० 7/4/65-ई० 1—राष्ट्रपति, श्री पी० आर० मजूमदार, वरिष्ठ अनुसन्धाता भारत सरकार का आर्थिक सलाहकार के कार्यालय को, उसी कार्यालय में 29 जुलाई, 1965 से 7 सितम्बर, 1965 की अवधि के लिये श्री जे० एल० राय, अनुसन्धान अधिकारी के स्थान पर, जिनकी पदोन्नति उसी कार्यालय में प्रमुख अनुसन्धान अधिकारी के पद पर हो गई है, स्थानापन्न अनुसन्धान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 8 नवम्बर 1965

सं० 11(44)/64-ई० 1—राष्ट्रपति श्री आई० डी० भटनागर को, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड 4 में एक स्थायी अधिकारी हैं, उद्योग विभाग में 1 नवम्बर, 1965 से 28 फरवरी, 1965 तक के लिये स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी नियुक्त करते हैं।

दिनांक 17 नवम्बर 1965

सं० ई० 1(जी०) (पी०-6)—श्री पी० एन० सुब्रह्मण्यन को, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में एक स्थायी अधिकारी तथा उद्योग विभाग में अनुभाग अधिकारी हैं, 30 अक्तूबर, 1965 (अपराह्न) से औरात वेतन पर 2 मास 26 दिनों की अस्वीकृत छुट्टी मंजूर की गई है।

दिनांक 20 नवम्बर 1965

सं० 11(44)/64-ई० 1—राष्ट्रपति श्री सी० मलिकार्जुनन को, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में एक स्थायी अधिकारी हैं, उद्योग विभाग में 24 सितम्बर, 1965 से 26 सितम्बर, 1965 तथा 6 अक्तूबर 1965 से 12 नवम्बर, 1965 तक के लिये स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त करते हैं।

सं० 11(44)/64-ई० 1 भाग 1—राष्ट्रपति श्री जे० एस० भटनागर को, जो केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में एक स्थायी अधिकारी हैं, उद्योग विभाग में 6 अक्तूबर 1965 से 27 नवम्बर, 1965 तक के लिये स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त करते हैं।

आर० के० रंगन, उप-सचिव

उद्योग तथा पूर्ति मंत्रालय

(पूर्ति और तकनीकी विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 6/6/65-प्रशासन 2—वेतन और लेखा अधिकारी, पूर्ति और तकनीकी विकास विभाग, खाद्य और कृषि, निर्माण और आवास तथा पुनर्वास मंत्रालय, कलकत्ता, श्री पी० के० दासगुप्ता की सेवाएं 16 अक्तूबर 1965 के अपराह्न से, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, पूर्वी रेलवे, कलकत्ता के पद पर नियुक्ति के लिए, भारतीय लेखा-परीक्षा और लेखा विभाग को पुनः सौंप दी गई हैं।

आर० दयाल, अवर सचिव

खाद्य और कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 25-1/65-वन विकास—राष्ट्रपति जी, राजस्थान सरकार के वन विभाग के अधिकारी श्री के० एस० संखला को अक्तूबर 1, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक, अस्थायी रूप से, दिल्ली चिड़ियाघर, नई दिल्ली में विशेषाधिकारी के पद पर नियुक्त करते हैं।

सं० 28-36/65-वन विकास—राष्ट्रपति जी, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसन्धान संस्थान के सहायक वन वृक्ष वैज्ञानिक श्री बी० एन० गंगुली को सितम्बर 23, 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक, वन संसाधनों के निवेषपूर्व सर्वेक्षण परियोजना, नई दिल्ली में तकनीकी अधिकारी (वन विज्ञान) के पद पर नियुक्त करते हैं।

दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 28-36/65-वन विकास—राष्ट्रपति जी, मध्य प्रदेश सरकार के वन विभाग के अधिकारी श्री वी० के० सेठ को 8 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक, वन संसाधनों के निवेषपूर्व सर्वेक्षण के मध्य क्षेत्र के कार्यालय जगदलपुर में अस्थायी रूप से क्षेत्र कोआडीनेटर के पद पर नियुक्त करते हैं।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 29-35/65-एफ० डी०—राष्ट्रपति जी, मध्य प्रदेश, वन विभाग के उप वन संरक्षक, श्री बी० के० भल्ला को 15 अक्तूबर 1965 के अपराह्न से आगामी आदेशों तक कृषि विभाग की लट्ठा निर्माण प्रशिक्षण केन्द्र-परियोजना में लट्ठा निर्माण अधिकारी (प्रमुख, देहरादून केन्द्र) के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्त करते हैं।

एस० एन० तुलस्यानी, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1965

सं० 6-11/65-भूमि संरक्षण (संस्थान)—राष्ट्रपति जी, डा० राज कुमार गुप्ता को इकोलोजिस्ट, केन्द्रीय मरुभूमि अनुसंधान-शाला, जोधपुर के पद पर स्थानापन्न रूप से 22 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से नियुक्त करते है ।

बी० एस० निगम, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 24-2/64-संस्थान 2—राष्ट्रपति जी ने केन्द्रीय चावल अनुसन्धान संस्थान, कटक में वाई० एस० राओ को निमाटोलोजिस्ट के पद रु० 700-50-1250 के मान मूल्यांक पर और श्री वी० नगेसवर राओ को निमाटोलोजिस्ट के पद रु० 400-40-800-50-950 के मान मूल्यांक पर 1-9-65 के पूर्वाह्न से अगले आदेश दिये जाने तक अस्थायी रूप से नियुक्त किया है ।

आर० एम० एल० वैश्य, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 15-37/65-ए० ई०—राष्ट्रपति जी, श्री जी० पी० खोसला जो कि केन्द्रीय सचिवालय सेवा में अनुभाग अधिकारी हैं, को 8 नवम्बर 1965 के पूर्वाह्न से खाद्य और कृषि मन्त्रालय (कृषि विभाग) के विस्तार निदेशालय में उप निदेशक प्रशासन के पद पर अस्थायी तौर पर नियुक्त करते हैं ।

श्री आई० जे० कपूर ने 8 नवम्बर 1965 (पूर्वाह्न) से अपने पद उप निदेशक, प्रशासन, विस्तार निदेशालय, को छोड़ दिया ।

सं० 15-37/63 ए० ई०—श्री सी० एल० सूरी ने अपने पद निदेशक प्रशासन, विस्तार निदेशालय को 6 नवम्बर, 1965 (पूर्वाह्न) से छोड़ दिया और वे उसी तिथि से निवृत्तिपूर्व छुट्टी पर चले गये ।

सन्तोख सिंह, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 5-115/65-डी० डी० एंड एल०—राष्ट्रपति जी श्री एस० आर० जयशंकर, को सहायक अनुसंधान अधिकारी राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, को 23 अगस्त 1965 के पूर्वाह्न से आगामी आदेशों तक अनुसंधान अधिकारी (शिक्षा) प्रथम श्रेणी के पद पर बंगलोर स्थित राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान के दक्षिणी केन्द्र में नियुक्त करते हैं ।

सं० 5-36/65-डी० डी० (एल०)—राष्ट्रपति जी डा० वी० आर० भलिराव को 1-9-1965 के पूर्वाह्न से राष्ट्रीय डेरी अनुसन्धान संस्थान, करनाल में डेरी कैमिस्ट तथा डेरी कैमिस्ट्री प्रभाग के प्रमुख के प्रथम श्रेणी के स्थायी पद पर नियुक्त करते हैं ।

आर० के० राम, अवर सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 नवम्बर 1965

सं० एफ० 4/5/65-ई० I—राष्ट्रपति, शिक्षा मंत्रालय के स्थायी सहायक श्री प्रेम प्रकाश सूद को 26 अक्तूबर 1965 से 10 दिसम्बर, 1965 तक की अवधि के लिए उसी मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० एफ-4/5/65-ई० 1—राष्ट्रपति शिक्षा मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय स्टेनोग्राफर सर्विस ग्रेड के स्थायी ग्रेड-I अधिकारी और इस मंत्रालय में उप-मंत्री के निजी सचिव के रूप में कार्य करने वाले—श्री आर० आर० जैन को सी० एस० एस० नियम, 1962 के नियम 13(4) (ख) के अनुसार 11 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक उसी मंत्रालय में स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

उमा दत्त, अवर सचिव

नागर विमानन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक नवम्बर 1965

सं० 7-वीई०(4)/65—राष्ट्रपति ने कुमारी एम० पद्मा-कुमारी को नागर विमानन विभाग के मद्रास क्षेत्र के संचार नियंत्रक के मद्रास स्थित कार्यालय में 21-10-65 से और अगले आदेशों तक स्थानापन्न रूप से तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है ।

सुरेन्द्र नाथ कौल, अवर सचिव

संचार विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 4-इ० (62)/65—सहायक राशनिंग नियंत्रक, दिल्ली के पद पर नियुक्ति के लिये चुन लिये जाने पर, इस विभाग के एक अनुभाग अधिकारी, श्री एम० सी० गुप्त की सेवायें, प्रतिनियुक्ति पर, 26 नवम्बर, 1965 के अपराह्न से, दिल्ली प्रशासन, दिल्ली को सौंपी जाती हैं ।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० 4-इ० (6)/65—संचार विभाग (मुख्य) में अनुभाग अधिकारी के पद पर स्थानापन्न रूप से नियुक्त श्री नानक चंद, 30 नवम्बर 1965 (अपराह्न) से सहायक के रूप में प्रत्यावर्तित हो गये तथा उसी तारीख से डाक और तार निदेशालय में तैनात हो गये ।

सुमेरचन्द जैन, अवर सचिव

परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० ई-1(27)/65—राष्ट्रपति ने परिवहन मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के सहायक वर्ग में स्थायी अधिकारी, श्री ए० सी० बस्सी, को 1 दिसम्बर 1965 से 31 दिसम्बर 1965 तक या जब तक कि नियमित अनुभाग अधिकारी तैनात न हो जायें, इस में जो भी पहले हो, स्थानापन्न तौर पर उक्त सेवा के अनुभाग अधिकारी वर्ग में नियुक्त किया है ।

2. श्री बस्सी 1 दिसम्बर 1965 से परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष) में अनुभाग अधिकारी के रूप में तैनात किये गये हैं ।

पी० एल० गुप्त, अवर सचिव

(दीपघर और दीपपोत)

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1965

सं० 11-एम० एल० (38)/65—सचिव, परिवहन मंत्रालय ने श्री एम० सी० भार्गव, को दीपघर और दीपपोत विभाग में 19 नवम्बर, 1965 से स्थायी तौर पर कार्यकारी इंजीनियर नियुक्त किया है ।

जसवन्त सिंह, अवर सचिव

(सड़क पक्ष)

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० ए० 2(15)/65—राष्ट्रपति ने श्री मनमोहन कुमार वर्मा को 11 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में स्थानापन्न तौर पर सहायक इंजीनियर सलाहकार (यान्त्रिक) नियुक्त किया है ।

सं० ए० 2(39)/65—राष्ट्रपति ने श्री जय प्रकाश को 28 सितम्बर 1965 के पूर्वाह्न से अगला आदेश न होने तक परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) लखनऊ में योजना अधिकारी के कार्यालय में स्थानापन्न तौर पर सहायक इंजीनियर सलाहकार नियुक्त किया है ।

2. श्री जय प्रकाश को लखनऊ में इस मंत्रालय के योजना अधिकारी के कार्यालय से नई दिल्ली में इस मंत्रालय के सड़क पक्ष के मुख्य कार्यालय में प्रशासनिक कारणों से स्थानान्तरित किया गया है । उन्होंने लखनऊ में अपने पद का कार्यभार 21 अक्तूबर 1965 के अपराह्न में त्याग दिया और नई दिल्ली में अपने पद का कार्यभार 22 अक्तूबर 1965 के पूर्वाह्न में ग्रहण किया ।

दिनांक नवम्बर 1965

सं० ए०-2(84-अ)/65-केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग में केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा, वर्ग 1 (स्थायी) में नियुक्ति के लिये वरण किये जाने के परिणामस्वरूप परिवहन मंत्रालय (सड़क पक्ष) में सहायक इंजीनियर सलाहकार, श्री एस० गणेशन ने इस मंत्रालय में अपना कार्यभार 6 अक्तूबर, 1965 के अपराह्न से त्याग दिया।

एस० के० गिदवानी, अवर सचिव

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० ई०(जी० आर०) I-65 आर० सी० 2-14—राष्ट्रपति, कृपापूर्वक श्री के० आर० बनर्जी, अस्थायी सहायक इंजीनियर, को 31-7-1965 से, दक्षिण-पूर्व रेलवे में भारतीय रेलवे इंजीनियर सेवा में कनिष्ठ वेतन-मान में स्थायी रूप से नियुक्त करते हैं ।

दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० ई०(ओ०) II/65 एस० आर० 4/5—महाराष्ट्र सरकार से प्रतिनियुक्त होने पर गोदावरी शूगर मिल्स लिमिटेड, कोपरगांव के स्पेशल डिप्टी कलक्टर (भूमि सीमा-निर्धारण), श्री एस० बी० कांबले, को 6 नवम्बर 1965 से मध्य रेलवे में भूमि नियंत्रण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है ।

सं० ई० (एन० जी०) 65 आर० एस० सी० 3/ई०(जी० आर०) I—राष्ट्रपति कृपापूर्वक श्री एन० एस० हिरण्णायया को 14-9-65 से रेल सेवा आयोग, मद्रास का अध्यक्ष नियुक्त करते हैं ।

सं० ई० 65 आर० सी० 1/आर० बी० I—रेलवे बोर्ड कृपापूर्वक निम्नलिखित व्यक्तियों को, उनके आगे लिखी तारीख से, रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में, अनुभाग अधिकारी (परिवीक्षाधीन) के रूप में नियुक्त करता है :—

श्री कृष्ण बिहारी लाल	6-11-65
श्री आलोक कान्ति बसु	11-11-65
श्री अविनाश चन्द्र बख्शी	12-11-65
श्री सुवेशचन्द्र हल्दर	12-11-65
श्री एस० श्रीनिवासन	15-11-65

सं० ई० 65 पी० ओ० 8/15/आर० बी० I—श्री सी० के० स्वामीनाथन, स्थानापन्न मुख्य टंकी माल डिब्बा अधीक्षक, रेलवे बोर्ड, बम्बई 19-10-65 से मध्य रेलवे के परिवहन यातायात और वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ वेतन मान में परावर्तित हुए ।

दिनांक 2 दिसम्बर 1965

सं० ई० (ओ०) I 64-पी० एम० 6/156—निम्नलिखित अधिकारियों को उनके सामने लिखी रेलवे पर और सामने लिखी तारीख से भण्डार उप नियंत्रक के रूप में स्थायी किया जाता है :—

अधिकारी का नाम	रेलवे जिस पर स्थायी किया गया			
	अन्तिम रूप से		अन्तिम रूप से	
	रेलवे	तारीख	रेलवे	तारीख
श्री आर० पार्थसारथी	पश्चिम	20 जून, 1962	पश्चिम	17 अगस्त, 1962
श्री बी० बी० बंसल	—	—	पश्चिम	28 सितम्बर, 1962
श्री जी० सी० बसावराज	—	—	दक्षिण	28 सितम्बर, 1962
श्री एस० जी० गोसालकर	—	—	मध्य	28 सितम्बर 1962
श्री ए० वी० सुगवानेश्वरन्	—	—	पूर्व	28 सितम्बर, 1962
श्री जे० एम० जगत्यानी	—	—	उत्तर	28 सितम्बर, 1962
श्री एस० के० सब्बरवाल	—	—	दक्षिण	27 मार्च, 1963
श्री एस० बी० जे० राजैया	—	—	मध्य	10 जनवरी, 1964
श्री ए० ई० डिलेमोस	—	—	डीज़ल रेल इंजन कारखाना	16 दिसम्बर, 1964
श्री एन० बी० सुब्रह्मण्यन	—	—	उत्तर	31 जुलाई, 1965

पी० सी० मैथ्यू, सचिव

सिंचाई व बिजली मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर 1965

सं० 199/65-एफ० 1/47/64-प्रशासन 1—राष्ट्रपति, श्री पी० एस० अंगल को 27 सितम्बर 1965 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग (जल स्कन्ध) में, स्थानापन्न क्षमता में, सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी अभियन्ता के रूप में, जब तक और आदेश जारी नहीं किये जाते, नियुक्त करते हैं ।

2. श्री अंगल ने उपर्युक्त तिथि से केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग के मर्सुदर उप-मण्डल सं० 2 में सहायक कार्यकारी अभियन्ता के पद के कार्यभार को संभाला ।

पी० एल० गुप्ता, अवर सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 24 नवम्बर 1965

सं० 4/22/65-एफ०(ए०)—राष्ट्रपति ने श्री जे० एस० भावनागरी को 15 नवम्बर, 1965 से एक साल की अवधि के लिए फिल्म विभाग, बम्बई में मुख्य फिल्म निर्माण सलाहकार अस्थायी रूप से नियुक्त किया है ।

दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० 6/2/65-एफ० (ए०)—राष्ट्रपति ने फ़िल्म विभाग के स्थानापन्न सहायक प्रोड्यूसर श्री प्रमोद पति को 1 मार्च, 1965 से उसी विभाग की कार्टून फ़िल्म यूनिट का कार्यभारी अधिकारी स्थायी रूप से नियुक्त किया है।

देस राज खन्ना, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 नवम्बर 1965

सं० पी० एफ०/408/सी० आई० एस०—भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने केन्द्रीय सूचना सेवा के चतुर्थ ग्रेड के स्थानापन्न अधिकारी और पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली के सूचना सहायक श्री एम० पी० सिंह को 30 अक्तूबर 1965 से अगले आदेश तक, उक्त सेवा के तृतीय ग्रेड में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया है।

2. श्री सिंह ने उसी तारीख को पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर में सहायक सूचना अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया।

रूप किशोर गोविल, अवर सचिव
कृते सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक 29 नवम्बर 1965

